एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# हर 6 महीने में बदल जाते हैं रणवीर, इसलिए बोर नहीं होती: दीपिका पादुकोण

बॉलिवुड की टॉप स्टार दीपिका पादुकोण यूं तो निजी जिंदगी में अपने काम को लेकर चर्चा करना या उस पर विश्लेषण करना ज्यादा पसंद नहीं करतीं, लेकिन रविवार को जियो मामी मूवी मेला विद स्टार में वक्ता के तौर पर पहुंची दीपिका ने अपनी पांच बेहतरीन फिल्मों कॉकटेल, चेन्नै एक्सप्रेस, गोलियों की रासलीला: राम लीला, ये जवानी है दीवानी और पीकू में अपने परफॉर्मेंस पर बात की। वहीं, इन फिल्मों से जुड़े कुछ नए पन्ने भी खोले।

**संजय भंसाली को खुश करना आसान नहीं:** फिल्में चुनते वक्त नरेशन को सबसे अहम करार देने वाली दीपिका फिल्म कॉकटेल की वेरोनिका को वह किरदार मानती है, जिसने ऐक्टर के तौर पर उन्हें बदला। दीपिका कहती हैं, कॉकटेल से पहले तक मुझमें इंसान और कलाकार के तौर पर एक झिझक थी, वेरोनिका ने मुझे अपनी सारी झिझक दूर फेंकने का मौका दिया। वहीं, अपने पसंदीदा निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अपनी फिल्म राम लीला के अनुभव को साझा करते हुए दीपिका कहती हैं, संजय सर के सेट पर कभी भी कुछ भी हो सकता है। मेरे साथ पहले दिन ही ये हुआ। पहले दिन ही उन्होंने सीन बदल दिया और दो-तीन पन्ने का भारी डायलॉग वाला सीन मेरे पास तब आया, जब मैं मेकअप कर रही थी। मैंने कहा कि सर, मैं नहीं कर सकती हूं। मुझे लाइंस याद करने के लिए दो-तीन दिन चाहिए, किसी और चीज से शुरू करते हैं, लेकिन वह बोले- नहीं तुम्हारे क्लोज अप से शुरू करते हैं। मुझे रोना आ गया कि मैं कैसे करूंगी, लेकिन मुझे करना पड़ा। संजय लीला भंसाली के साथ काम करते हुए आप कभी तैयारी नहीं कर सकते। अंग लगा दे.. गाना हमने दोबारा शूट किया, क्योंकि उन्हें कॉस्ट्यूम पसंद नहीं आया, लेकिन इन्हीं वजहों से उनके साथ काम करना बहुत ज्यादा एक्साइटिंग होता है। उनके साथ काम करने में काफी स्ट्रेस और प्रेशर होता है, लेकिन क्रिएटिव सैटिस्फैक्शन भी होता है। संजय सर जो पेपर पर लिखा है, उतना कर देने से खुश नहीं होते। उन्हें हैरान करना पड़ता है। जबकि, कुछ डायरेक्टर होते हैं, उन्हें वही चाहिए, जो उन्होंने लिखा है, जैसे कबीर खान या इम्तियाज अली। इम्तियाज के डायलॉग के साथ आप जरा भी छेड़छाड़ नहीं कर सकते। आप एक शब्द बदल नहीं सकते।

**रोहित से कहा, मीनम्मा पर फिल्म बनाओ:** फिल्म चेन्नै एक्सप्रेस के बारे में दीपिका ने बताया, पहले दिन मैं किरदार को पकड़ नहीं पा रही थीं, जिससे शाहरुख और रोहित बहुत नाखुश थे। मुझ पर काफी प्रेशर आ गया था, लेकिन मैं घर गई, रोल के बारे में सोचा और दूसरे दिन सब आ गया। शायद साउथ इंडिया में रहने का मेरा अनुभव काम आया। बाद में मैं जो भी करती थी, सब हंसते थे। मैंने रोहित से कहा भी कि मीनम्मा के किरदार पर कुछ सोचो या उसपर फिल्म बनाओ। वहीं, पीकू को अपनी फेवरिट फिल्म बताने वाली दीपिका उस फिल्म को दोबारा करने को भी तैयार हैं। बकौल दीपिका, पीकू और उसके पूरे एक्सपीरिएंस को मैं बहुत मिस करती हूं। अगर मुझे दोबारा यह फिल्म करने को मिले, तो मैं सिर्फ उस एक्सपीरिएंस को दोबारा जीने के लिए वह करूंगी। फिल्म में इरफान खान के साथ काम करना भी मेरे सबसे अच्छे अनुभवों में से है।

### अगले साल करेंगी डार्क रोमांस फिल्म

दीपिका जल्द ही ऐसिड अटैक सर्वाइवर लक्ष्मी की जिंदगी पर आधारित फिल्म छपाक में नजर आएंगी, जिसे वह अपने करियर की सबसे मुश्किल फिल्म मानती हैं। दीपिका के मुताबिक, छपाक इमोशनली मेरी सबसे मुश्किल फिल्म है। इसका प्रॉसेस तो मुश्किल था ही कि तीन घंटे प्रोस्थेटिक मेकअप लगाना, फिर एक घंटा उतारना, लेकिन इमोशनली भी यह निचोड़ लेने वाली फिल्म थी। हमें हर प्रोस्थेटिक के लिए पैसे खर्च करने पड़ते हैं, लेकिन मैंने मेघना से एक प्रोस्थेटिक पीस एक्स्ट्रा मंगाया था, जिसे पैकअप के बाद मैंने जला दिया, ताकि उस किरदार को मैं अपने अंदर से निकाल सकूं। मैंने उस प्रोस्थेटिक पीस को पूरी तरह जलते हुए देखा, तब कहीं उसका एक हिस्सा मेरे भीतर से निकल पाया। हालांकि, ऐसे किरदार कभी पूरी तरह आपके सिस्टम को नहीं छोड़ते। दीपिका ने यहां यह भी बताया कि अगले साल वह एक डार्क रोमांस फिल्म करने वाली हैं।



# रंग-बिरंगे फूलों के पास कई बीमारियों का है इलाज

रंग-बिरंगे सुंदर फूल न केवल देखने में अच्छे लगते हैं बल्कि अपनी खुशबू से हमारे मन को भी महका देते हैं। फूलों का इस्तेमाल केवल सजने-संवरने और घर की शोभा बढ़ाने के लिए ही नहीं होता, बल्कि आपको ये जानकर आश्चर्य होगा कि इनके पास हमारे शरीर की कई बीमारियों को ठीक करने का इलाज है।



फूलों की हजारों प्रजातियों में से कई ऐसी हैं, जिनमें घाव को भरने से लेकर त्वचा संबंधी बीमारियों को दूर करने का भी उपचार है। फूलों की अलग-अलग प्रजातियां अलग-अलग स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने में सहायक होती हैं और इसलिए इनका उपयोग करने के पहले विशेषज्ञ का परामर्श आवश्यक होता है।

**गुलाब का फूल-** फूलों के राजा गुलाब का भी चिकित्सा के क्षेत्र में अहम योगदान है। आयुर्वेद में गुलाब का उपयोग स्कर्वी के उपचार और गुर्दे संबंधी समस्याओं में होता है। फूलों से उपचार के क्षेत्र में शोध कर रहे आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. नितिन शर्मा ने बताया कि गुलाब का फूल शरीर में विटामिन सी की कमी को दूर करने में सहायक होता है।

गुलाब की कलियां विटामिन सी से समृद्ध होती हैं। इन कलियों को स्कर्वी दूर करने के एक प्रमुख तत्व के तौर पर शामिल किया जाता है। गुलाब की कलियों का अर्क गुर्दे की बीमारियों की दवाइयां बनाने में भी इस्तेमाल होता है। यह मूत्र संबंधी विकारों को दूर करती हैं। इसके अलावा गुलाब की पंखुड़ियां गर्मी से आए बुखार को दूर करने, शरीर को ठंडा करने और त्वचा की झाइयों को दूर करने में उपयोग की जाती हैं।

**गेंदे के फूल-** जिनके घरों में बच्चे हों, उन्हें अपने घरों में गेंदे का फूल जरूर लगाना चाहिए। गेंदे के फूल को घाव भरने के लिए सर्वश्रेष्ठ मरहम माना जाता है। पुराने समय में बच्चों को चोट लगने पर गेंदे के फूलों को पीस कर घाव के स्थान पर लगा दिया जाता था।

**गेंदे के फूल के साथ तुलसी के पत्ते-** गेंदे के फूलों को तुलसी के पत्तों के साथ पीस कर उसका मलहम बना कर भी घाव के उपर रखा जा सकता है। इसके अलावा गेंदे की एक विशेष प्रजाति से त्वचा संबंधी रोगों का भी उपचार किया जा सकता है। इन दिनों लोकप्रिय अरोमाथेरेपी में भी एग्जिमा, जलन और त्वचा के दाग-धब्बों के उपचार संबंधी दवाइयों में गेंदा मुख्य घटक होता है।

**कमल का फूल-** कीचड़ में खिलने वाला कमल भी डायरिया को दूर करने और गर्मी के कारण झुलसी त्वचा को निखारने में मददगार साबित होता है।

डायरिया के उपचार के लिए कमल के बीजों को गर्म पानी में डाल कर उसमें काला नमक मिलाया जाता है। अब इसमें चाय की पत्ती डालकर उबाल कर पीने से डायरिया का उपचार किया जा सकता है।कमल की पत्तियों को पीस कर उसे झुलसी त्वचा पर लगाने से त्वचा की गर्मी दूर हो जाती है और झुलसने का निशान भी चला जाता है। शरीर से अतिरिक्त वसा कम करने की दवाइयों में भी कमल की पत्तियों का उपयोग होता है।

## एक्स गर्लफ्रेंड अनुष्का शर्मा के फोटो को देख रणवीर सिंह ने किया कॉमेंट

दीपिका पादुकोण के साथ रिश्ते में आने से पहले रणवीर सिंह ऐक्ट्रेस अनुष्का शर्मा को डेट कर रहे थे। दोनों का रिश्ता टूटा और फिर दोनों ने कोई फिल्म तक साथ नहीं की। हालांकि, दीपिका-रणवीर के रिसेप्शन में अनुष्का जब मेहमान बनकर पहुंची तो यह साफ हो गया कि अब दोनों के रिश्तों में कड़वाहट नहीं है। ऐसा ही एक उदाहरण अब फिर से देखने को मिला है। दरअसल, रणवीर ने अनुष्का के लेटेस्ट फोटो पर तारीफभरा कॉमेंट किया है।

अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर बॉस लेड लुक में तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें वह ब्लू ऐंड ग्रे कॉम्बिनेशन का चेक जंपसूट पहनी दिखाई दे रही हैं। इसके साथ उन्होंने कान में ईयर के शेप का ही ईयरकफ पहना हुआ है जो उनके पूरे कान को कवर किया हुआ है।

इन फोटोज को लोगों ने काफी पसंद किया और अब तक इन्हें लाखों लाइक्स मिल चुके हैं। यहां तक कि इंडियन फैशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने भी ऐक्ट्रेस की जमकर तारीफ की। उनकी तारीफ करने वालों में रणवीर सिंह भी शामिल रहे। उन्होंने अनुष्का के लुक को प्रेज करते हुए उसे सुपर बताया।

वहीं अपने विटी कॉमेंट्स के लिए पहचाने जाने वाले अर्जुन कपूर ने अनुष्का की तस्वीर पर कॉमेंट करते हुए लिखा, सोना कितना सोना है। इसके साथ उन्होंने